>

Title: Need to implement the welfare schemes of the Central Government in order to ensure all round development of the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार : अध्यक्ष जी, आपने शून्य प्रहर में मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

इसके पहले भी इस सदन में कई बार ग्राम विकास मंत्रालय पर चर्चा हुई है। मैंन जो महत्वपूर्ण नोटिस दी है, उसमें केन्द्र द्वारा प्रायोजित जितनी भी योजनाएं हैं, जो ग्रामीण स्तर पर जाती हैं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, राजीव गांधी शुद्ध पेयजल मिशन, राष्ट्रीय स्वजल धारा योजना आदि बहुत सी योजनाएं हैं, जो गांवों के विकास के लिए चलाई जाती हैं। लेकिन मैं खासकर उत्तर प्रदेश के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि वहां पर केन्द्र सरकार से जो भी योजनाएं जाती हैं, पिछले पांच वर्षों में वहां उनका अमल नहीं हो पाया है। इस वर्ष हमारे युवा मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी ने प्रधानमंत्री जी से मिलकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण और राजीव गांधी शुद्ध पेयजल मिशन के लिए प्रस्ताव भेजे हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की जितनी भी योजनाएं, जो ग्रामीण विकास से संबंधित हैं, को उत्तर प्रदेश में भेजें, ताकि उत्तर प्रदेश, जो देश का हृदय प्रदेश है, उसका विकास हो सके। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।